उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 20.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा प्रस्तावित वार्षित निरीक्षण कार्यक्रम के क्रम में पहुंचे महोबा जिसमें पुलिस लाइन महोबा में राजपत्रित अधिकारियों के साथ की गोष्ठी व आयोजित हुये अन्य कार्यक्रम-

आज दिनांक 20.11.2022 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा डॉ0 विपिन कुमार मिश्रा जनपद महोबा में प्रस्तावित वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम की श्रृंखला के क्रम में पुलिस लाइन महोबा पहुंचे जिसमें महोदय का स्वागत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया व सलामी गार्द द्वारा सलामी देते हुये की गयी।

डीआईजी महोदय द्वारा जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर जनपद में घटित अपराधों व अपराधियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें महोदय द्वारा आगामी निकाय चुनाव के दौरान बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियों से अवगत कराते हुये अपराध एवं आपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये व कराये जाने के आवश्यक निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में डीआईजी महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन महोबा के मुख्य द्वार व परेड ग्राउण्ड का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया गया।

श्रीमान डीआईजी महोदय द्वारा वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया तथा सभी लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम, समस्त क्षेत्राधिकारीगण महोबा सहित जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा यातायात जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा जनपद महोबा के सम्मानित गणमान्य लोगों के साथ आयोजित वृहद जन जागरुकता संगोष्ठी के माध्यम से उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे यातायात जागरुकता, साइबर सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरुक करते हुये संवाद स्थापित किया...।

आज दिनांक 20.11.2022 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा डॉ0 विपिन कुमार मिश्रा जी के प्रस्तावित कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में थाना कोतवाली महोबा क्षेत्रअन्तर्गत चौकी भटीपुरा पहुंचे जहां पर डीआईजी महोदय द्वारा यातायात माह नवम्बर एवं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात जागरुकता बाइक रैली व ऑटो, ई-रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया जो शहर के विभिन्न स्थानों में भ्रमणशील रही जिनके माध्यम से आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया गया।

इसी क्रम में श्रीमान डीआईजी महोदय द्वारा चौकी भटीपुरा में आयोजित जनजागरुकता संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान जनपद महोबा के सम्मानित गणमान्य लोगों के साथ उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे यातायात जागरुकता, साइबर सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरुक करते हुये संवाद स्थापित किया गया व सभी गणमान्य लोगों को यातायात नियमों, साइबर जागरुकता से सम्बन्धित विभिन्न सावधानियों व मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाये जाने के बारे में विस्तार से समझाते हुये इसके फायदे बताये गये, इस दौरान जनपद के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने सुझाव साक्षा किये व लोगों को इन सावधानियों के बारे में बताया।

इस दौरान डीआईजी महोदय द्वारा अगामी नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत सभी से अपील की गयी कि शहर में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये असामाजिक तत्वों को चिन्हित करें व इसकी सूचना जनपदीय पुलिस अधिकारियों को दें जिससे उन पर नकेल कसी जा सके।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 20.11.2022**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## श्रीमान मण्लायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र द्वारा वीरभूमि डिग्री कॉलेज महोबा से वृहद जनजागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में वृहद जन जागरुकता अभियान के तहत आयोजित हुये विभिन्न कार्यक्रम...।

आज दिनांक 20.11.2022 को श्रीमान मण्डलायुक्त महोदय श्री आर0पी0 सिंह एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा डॉ0 विपिन कुमार मिश्रा अपने प्रस्तावित कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में थाना कोतवाली महोबा क्षेत्रअन्तर्गत वीरभूमि राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय महोबा पहुंचे जहां पर श्रीमान मण्लायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र द्वारा वीरभूमि डिग्री कॉलेज महोबा से वृहद जनजागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया, तत्पश्चात महोदय द्वारा डिग्री कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया तथा सभी लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं वृक्षारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

डिग्री कालेज परिसर में वृहद जनजागरुकता अभियान से सम्बन्धित स्कूली छात्रों द्वारा रंगोली बनायी गयी जिसका अवलोकन कर महोदय द्वारा सभी छात्रों की प्रशंसा की गयी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उत्कृष्ठ रंगोली बनाने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

इसी क्रम में डिग्री कालेज के सांस्कृतिक हॉल में वृहद जनजागरुकता अभियान से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें जनपदीय पुलिस के यातायात कर्मियों द्वारा यातायात संबंधी, पुलिस साइबर सेल द्वारा साइबर सुरक्षा से संबंधी व मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न जानकारियां साक्षा की गयी।

तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें द्वारा 'बुंदेली राई नृत्य' की भव्य प्रस्तुति दी गई व लोकगीत आल्हा गायन कार्यक्रम में बुंदेलखंड के कलाकारों ने श्रोताओं को वीररस की भावना से ओत प्रोत कर दिया।

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी मेधावी बच्चों व कलाकारों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये महोदय द्वारा सम्मानित किया गया व मुक्तकंठ से सभी की सराहना की गयी।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 20.11.2022**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## श्रीमान मण्लायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिये जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की गयी एक दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता।

आज दिनांक 20.11.2022 को श्रीमान मण्डलायुक्त महोदय श्री आर0पी0 सिंह एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा डॉ0 विपिन कुमार मिश्रा की संयुक्त अध्यक्षता में वृहद जनजागरुकता अभियान के तहत जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिये एक दिवसीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान महोदय द्वारा सभी महिला खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत करायी गयी, जिसमें जनपद के अण्डवारा-विजयपुर व जखा के बीच कबड्डी का मैच हुआ जिसमें बेहद ही रोमांचक मुकाबले में ग्राम अण्डवारा की महिला टीम विजयी रही।

कबड्डी प्रतियोगिता के समापन पर महोदय द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सभी महिला खिलाडियों को सम्मानित कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

इस दौरान जिलाधिकारी महोबा श्री मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अपर पुलिसअधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, एसडीएम सदर श्री जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी कार्यालय सुश्री हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल, जिला उपक्रीडा अधिकारी श्री रामचन्द्र सहित विभिन्न अधि0/कर्म0 मौजूद रहे।





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 20.11.2022

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शाति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **20.11.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर **220** वाहनो के ई-चालान किये गये।







